'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
वर्ष : 02 | अंक : 20 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | सोमवार ,20 जनवरी , 2025 | samachargate@gmail.com





## 100 महिलाएं बनीं नागा संन्यासी

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी समेत 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं। संगम घाट पर अपने केश कटवाए। फिर जीते जी खुद का और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान किया है। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिनमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था। गंगा स्नान के बाद उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सीले श्वेत वस्त्र धारण किए। 20 जनवरी को आचार्य महामंडलेश्वर मंत्र देंगे। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को तड़के सभी महिलाएं नागा संन्यास की दीक्षा लेंगी।

## मां, 2 बच्चे समेत 4 जिंदा जले

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद में आग लगने से एक परिवार के 4 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। 4 गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के वक्त बिल्डिंग में 8 लोग थे। आग इतनी तेजी से फैली कि लोग बिस्तर से उठ नहीं पाए। मरने वालों में मां, दो बच्चे और एक भतीजा है। बच्चों की उम्र 7 से 9 साल के बीच थी। घटना रविवार सुबह 6 बजे लोनी के कंचन पार्क की है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया- घर में सो रहे लोग आग लगने से चपेट में आ गए। फायर और पुलिस की टीम पहुंची। घर में 4 लोग मृत मिले, 4 लोग झुलस हुए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें से दो की हालत गंभीर है।

## विभिन्न श्रेणियों के लिए 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित : डीसी

**फरीदाबाद:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण /सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत / सर्वश्रेष्ठद् गैर सरकारी संगठन को पुरस्कार देने के लिए आगामी 3 फरवरी तक पोर्टल दोबारा खोला गया है। इस दौरान संबंधित व्यक्ति/संस्थाएं 3 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकती है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी ने बताया कि विभाग द्वारा 10 श्रेणियों सेंटेनेरियन, सर्वोत्तम माता, साहस व बहादुरी पुस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर, वरिष्ठ मूर्तिकार, वरिष्ठ संगीतज्ञ/गायक, नृत्यक, वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठद् पंचायत, सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन, सर्वश्रेष्ठ ओल्ड ऐज होम व डे केयर सेंटर पुरस्कार की श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 75 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

## जिला के बेरोजगार युवाओ व किसानों को प्रशिक्षण दिलाकर बनाया जाएगा ड्रोन पायलेट : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिले मे बेरोजगार युवाओं व किसानों को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण देने के लिए कृषि एंव किसान कल्याण विभाग हरियाणा के माध्यम से ड्रोन पायलेट प्रशिक्षण के लिए आनलाईल आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि 18 से 45 वर्ष की आयु तक के किसान व बेरोजगार युवा इस ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदक कम से कम 10वीं परिक्षा पास व उसके पास वैध पासपोर्ट हो और वह किसी किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हायरिंग सैन्टर का सदस्य होना अनिवार्य है। ये सभी योग्याताएं रखने वाले इच्छुक किसान व बेरोजगार युवा ड्रोन पायलट बनने के लिए दिनांक 20 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025 तक कृषि एंव किसान कल्याण विभाग के www.agriharyana.gov.in पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। सहायक कृषि अभियन्ता फरीदाबाद इंजी० राकेश कुमार ने बताया कि आवेदक का मूलभूत विवरण परिवार पहचान पत्र के अनुसार माना जाएगा व आवेदन करते समय पासपोर्ट व उप कृषि निदेशक द्वारा जारी सम्बन्धित किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हायरिंग सैन्टर द्वारा किए गए कार्य का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। अन्तिम तिथि तक पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनो की जांच सम्बन्धित सहायक कृषि अभियन्ता व उप कृषि निदेशक द्वारा की जाएगी और दस्तावेज जांच उपरान्त निर्धारित मापदंड अनुसार वरीयता सूचि तैयार की जाएगी। वरीयता सूचि शैक्षणिक योग्यता, कृषि अनुभव पृष्ठभूमि व एफ पी ओ के अनुभव के आधार पर निर्धारित 100 अंको के आधार पर तैयार की जाएगी।

## वरीयता सूचि निर्धारित करने के लिए मापदण्ड

किसान व युवा 18 से 45 आयु वर्ग का हो जिसके 25 नंबर निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार 31 से 45 वर्ष के लिए 15 नंबर निर्धारित किए गए हैं। अभ्यर्थी की शैक्षणिक न्यूनतम योग्यता 10वीं जरूरी है। जिसके 40 नंबर निर्धारित किए गए हैं। आवेदक पंजीकृत 10 एफ पी ओ / सी एच सी का सदस्य होना आवश्यक है। एफपीओ/सीएचसी के अनुभव के 10 नंबर अलग से दिए जाएंगे। कृषि कार्य में अनुभव के लिए भी चार कैटेगरी बनाई गई है जिसमें (मेरी फसल मेरी ब्यौरा खरीफ 2022 पंजीकरण, पंजीकृत प्रगतिशील किसान, जिला स्तरीय पुरस्कारी प्रगतिशील किसान और राज्य स्तरीय पुरस्कारी प्रगतिशील किसान) 25 नंबर रखे गए हैं।

## 27 से 31 जनवरी तक होगा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन

**फरीदाबाद।** मंडल रोजगार अधिकारी अभिषेक ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संबंध में मण्डल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद द्वारा दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमे रोजगार अधिकारी अथवा अन्य विशेषज्ञों द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों एवं विद्यार्थियों को करियर निर्माण से सम्बंधित मार्गदर्शन दिया जायेगा इच्छुक प्रार्थी मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद कमरा नं०- 508 पांचवा तल सेक्टर 12 लघु सचिवालय फरीदाबाद में संपर्क करें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा

# हमें विकास के साथ विरासत को सहेजना है

**▸▸ महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आ रहे, ये सामाजिक एकता को बढ़ाने वाले पर्व है**

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 118वें एपिसोड में महाकुंभ और रामलला का जिक्र किया। उन्होंने कहा- महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां जात-पात, ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। मोदी ने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है। यह हजारों साल से चली आ रही परंपरा है। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ होता है। वहीं, दूसरी तरफ गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा नदी के तट पर पुष्करम मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के प्रोग्राम में 23, 25 और 26 जनवरी के अलावा रामलला, स्टार्टअप इंडिया, स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। 26 जनवरी की वजह से पीएम का प्रोग्राम इस बार एक हफ्ते पहले हुआ। पीएम ने कहा कि एक भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल ने देश का पहला निजी सैटेलाइट कॉन्सीलेशन फायर फ्लाई, सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह दुनिया का सबसे हाई रेजोल्यूशन हाइपर स्पेक्ट्रल सैटेलाइट कॉन्सीलेशन है। कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने स्पेस डोकिंग



कराई। अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने में भी लगे हुए हैं। हमारा देश स्पेस टेक्नोलॉजी में नए कीर्तिमान बना रहा है। पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं।

हमारे देश में जितने स्टार्टअप 9 साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टीयर-2 और टीयर-3 शहरों से हैं, और जब यह सुनते हैं तो हर हिन्दुस्तानी का दिल खुश हो जाता है, यानि हमारा स्टार्टअप कल्चर बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है।

## 26 से उत्तराखंड में लागू हो जाएगा यूनिफॉर्म सिविल कोड!

### प्रशासन की तैयारी पूरी




**नई दिल्ली ।**

उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा। बता दें कि इससे पहले, नियम और कार्यान्वयन समिति की सलाह के बाद सरकार ने कुछ बदलावों को समीक्षा के लिए विधायी विभाग को भेजा था।

समीक्षा किए गए नियमों को विभाग द्वारा अप्रूव किया गया है। समीक्षा किए गए नियमों को कल धामी कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने की संभावना है। वहीं, इस कानून को लेकर कर्मचारियों के लिए ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र चलाया जा रहा है, जिसके 22 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है और जनवरी 2025 से पूरे राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

## शाह का बड़ा ऐलान दिल्ली में बनेगी एनडीए की सरकार

- आंध्र प्रदेश में कहा-प्राकृतिक आपदा में एनडीआरएफ काम आती है

**अमरावती (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के पास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के दक्षिणी परिसर और नेशनल डिजास्टर



रिसपॉन्स फोर्स की 10वीं बटालियन परिसर के साथ अन्य प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान एक जनसभा में उन्होंने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का पूरा समर्थन है।

# मंत्री राजेश नागर ने मौके पर दिए बिजली के खंबे लगाने के आदेश

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज अपने निवास पर खुला दरबार लगाया। इस दरबार में आई समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया। उन्होंने एक समस्या सुनते हुए बिजली अधिकारी को फोन किया और तुरंत ही क्षेत्र में बिजली के खंबे लगाने के आदेश दिए। जिस पर लोग संतुष्ट नजर आए। राजेश नागर ने कहा कि हम जनता की सेवा करने के लिए आए हैं और जनता ने हमें अपनी सेवा करने के लिए ही अवसर दिया है। जनता ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार चुनी हैं। हमारा जनता की सेवा करने का ही उद्देश्य है इसलिए हर रविवार को अपने घर पर खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता का बेटा भाई बनकर सेवा करने के अपने विचार को दोहराया। इस अवसर पर भट्टा कॉलोनी से आए लोगों ने जल भराव और इंटरलॉकिंग टाइल ना होने की बात कही जिसे उन्होंने मौके पर ही अधिकारी को आदेश देकर पूरा करने की बात कही। इसी प्रकार धीरज नगर और विनय नगर में बिजली के खंबे ना होने के कारण आ रही परेशानियों का पता चलने पर बिजली



अधिकारी को फोन किया और तुरंत प्रभाव से बिजली के खंबे और उन पर तार खिंचवाने के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कामों को प्राथमिकता से पूरा करें जिससे जनता को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उनके गांव भतोला स्थित मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में इंटरलॉकिंग टाइल लगवाने की मांग रखी जिससे कि जल भराव की समस्या से बचा जा सके और बच्चों को सुविधा हो सके। जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द व्यवस्था बनाने की बात कही।

उनके सामने सरस्वती कॉलोनी और शिवालिक हॉस्पिटल से प्यासी की कोठी तक जाने वाली सड़कों को पक्का करने की बात आई जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को फोन कर टेंडर लगाने की बात कही। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुन रहे हैं और अब पहले के मुकाबले कम समस्याएं खुले दरबार में आ रही हैं जिसका अर्थ स्पष्ट है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। फिर भी किसी को कोई दिक्कत होती है तो वह मेरे निवास पर कभी भी आकर मिल सकता है।

# मैट्रो विस्तारीकरण के दौरान आमजन को ना हो किसी प्रकार की असुविधा: राव नरबीर सिंह

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मैट्रो विस्तारीकरण की प्रक्रिया में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो व इस पूरी परियोजना में मौजूदा सर्विसेज कम से कम प्रभावित हो। इन्हीं प्रयासों के तहत हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने विस्तारीकरण के प्रस्तावित रूट का गुरुग्राम मैट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) जीएमडीए के अधिकारियों संग दौरा कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि मेट्रो परियोजना की डीपीआर बनाने की प्रक्रिया जारी है। जिसमें कैबिनेट मंत्री के दिशा निर्देश के तहत आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राव नरबीर सिंह ने समूचे प्रस्तावित रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो के कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते



हुए कहा कि लोगों को मेट्रो निर्माण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो और यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे, उस संबंध में भी बेहतरीन योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई बड़ा निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जाता है, तो वह लंबे समय तक चले और लोगों को लाभ मिले, ऐसी योजना अधिकारियों को बनानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस पूरी परियोजना में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि प्रस्तावित रूट में मौजूदा सर्विसेज जैसे ड्रेनेज सिस्टम, बिजली, पीने का पानी, सीवरेज सहित अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं को कम से कम डिस्टर्ब किया जाए, और यदि ये सुविधाएं प्रभावित होती है तो इनके निवारण संबंधित कार्य मेट्रो निर्माण कार्य से पहले पूरे किए जाएं। साथ ही निर्माण प्रक्रिया में यह भी ध्यान रखा जाए कि जो ट्रैफिक डाइवर्जन प्लान बने उसमें जाम की स्थिति ना बने। कैबिनेट मंत्री ने जीएमडीए के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि इस परियोजना के साथ प्राधिकरण को फ्लाईओवर अथवा अंडरपास को लेकर जो भी निर्माण कार्य करना है वह भी मेट्रो निर्माण कार्य के समानांतर रूप से चले। उन्होंने प्रस्तावित रूट पर अलाइनमेंट का कार्य एक महीने में फ्रिज करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी इस पूरे कार्य मे यह विशेष ध्यान रखें कि इस पूरी प्रक्रिया में गुरुग्राम का ड्रेनेज सिस्टम से किसी भी प्रकार से प्रभावित ना हो। राव ने सेक्टर 23 स्थित रेजांगला चौक से पुराने दिल्ली रोड तक ड्रेनेज की लेग वन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसून के समय इस लेग पर पानी का अत्यधिक लोड होता है। ऐसे में इस मार्ग पर मेट्रो का कार्य शुरू करने से पूर्व सड़क के चौड़ीकरण व लेग वन में क्या आवश्यक बदलाव करने है वो निर्धारित समय सीमा में हो। गौरतलब है कि परियोजना के संबंध में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी दिसंबर माह में गुरुग्राम में संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर चुके हैं। जिसमे अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि मिलेनियम सिटी से साइबर सिटी, गुरुग्राम के बीच चलने वाली मैट्रो रेल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को हरियाणा सरकार तथा केन्द्र सरकार से मंजुरी प्रदान की जा चुकी है तथा इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी में रखी गई थी। बैठक में अधिकारियों ने बताया था कि गुरुग्राम में मेट्रो विस्तारीकरण का निर्माण कार्य आगामी 1 मई, 2025 से शुरू कर दिया जाएगा। 28.50 किलोमीटर लंबी इस मैट्रो रेल लाईन पर कुल 27 स्टेशन होंगें तथा एक डिपो भी निर्मित किया जाएगा जिसमें से 8 स्टेशन मॉडल स्टेशन होंगे। इस परियोजना पर केन्द्र सरकार द्वारा 896.19 करोड रूपए तथा हरियाणा सरकार की ओर से 4556.53 करोड रूपए खर्च किए जाएंगें। इस परियोजना के अंतर्गत मीडियम मैट्रो को स्थापित किया जाएगा तथा यह स्टेंण्डर्ड गेज पर संचालित होगी। इसके अलावा,

यह मैट्रो सीबीटीसी अर्थात कम्यूनिकेशन बेसड ट्रेन कंट्रोल सिग्नल पर आधारित होगी तथा अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। शुरूआत में इस मैट्रो कनेक्टिविटी में 3 कोच लगाए जाएगें तथा उसके बाद इसे 6 कोच तक बढ़ाया जाएगा। मैट्रो विस्तारीकरण परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए एक कार्यकारी समिति व एक समन्वय समिति का भी गठन किया गया है, जो इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन आने वाले विभिन्न समन्वय मुद्दों का निष्पादन करेगी। इस दौरान जीएमडीए के चीफ इंजीनियर राजेश बंसल, एक्सईन विकास मलिक सहित जीएमआरएल के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा फरीदाबाद ने की तीन विधानसभा के 12 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद भाजप में मंडल अध्यक्षों के संगठनात्मक चुनावों के लिए प्रदेश द्वारा नियुक्त जिला चुनाव अधिकारी सत्य प्रकाश जरावता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र बहुत मजबूत हैं और बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के संगठनात्मक चुनाव पूरी निष्पक्षता और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न होते हैं वर्ना कांग्रेस पार्टी में तो एक ही परिवार के लोग या उनके चहेते ही वरिष्ठ पदों पर बैठते हैं । संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और संगठन में युवाओं को दायित्व देकर मजबूत लीडरशिप तैयार करना है । फरीदाबाद की तीनों विधानसभाओं में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं भाजपा प्रदेश सहचुनाव अधिकारी बिजेन्द्र नेहरा ने कहा कि भाजपा में सबसे मजबूत स्थिति मंडल अध्यक्ष की होती है, उस मंडल में रहने वाले जिले अथवा प्रदेश के रहने वाले कोई भी पदाधिकारी हों उनको सूचना मंडल अध्यक्ष खुद ही देता है। भारतीय जनता पार्टी के जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं वह भी पहले मंडल अध्यक्ष रहे थे। संगठन पर्व के तहत भाजपा फरीदाबाद की बडखल, एन आई टी एवं पृथला विधानसभा में रविवार को 12 मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन किया गया। फरीदाबाद के कुल 29 मंडलों में से 21 मंडल के अध्यक्षों की घोषणा हो गई हैं । चुनाव अधिकारीयों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के तहत प्रस्तावक और समर्थकों के हस्ताक्षर करवाकर फार्म भर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की गई । बूथ अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया । पहले एन.आई.टी में 4 और बडखल एवं पृथला में 3-3 मंडल थे, लेकिन मंडल परिसीमन




के बाद एन.आई.टी एवं बडखल में 5-5 और पृथला में 4 मंडल बनाये गये हैं। **पृथला विधानसभा के सभी 4 मंडल अध्यक्षों की घोषणा**

भाजपा फरीदाबाद जिला कार्यालय "अटल कमल" पर आयोजित बैठक में जिला प्रभारी एवं चुनाव अधिकारी नरेन्द्र वत्स ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भाजपा प्रदेश सहचुनाव अधिकारी बिजेन्द्र नेहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, पूर्व मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में पृथला विधानसभा के सभी 4 मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। छांयसा मंडल में रिंकू सैनी, फतेहपुर मंडल में सुरेन्द्र शर्मा, सीकरी मंडल में अजय शर्मा और पृथला मंडल में कृष्ण कुंतल को मंडल अध्यक्ष चुना गया ।

**बडखल विधानसभा के सभी 5 मंडल अध्यक्षों की घोषणा**

भाजपा बड़खल विधानसभा के कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला चुनाव अधिकारी पटौदी के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक धनेश अधलखा, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, निवर्तमान महापौर श्रीमती सुमन बाला एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में बड़खल विधानसभा के मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। गुरु नानक मंडल में अमित आहूजा, सैनिक कॉलोनी मंडल में मनप्रीत सिंह, पटेल नगर मंडल में कर्मवीर सिंह बैंसला, मेवला मंडल में शेखर तंवर, सूरजकुंड मंडल में नन्द कुमार कश्यप को मंडल अध्यस्क्ष चुना गया।

**एन.आई.टी विधानसभा के 5 मंडलों में से 3 मंडल अध्यक्षों की घोषणा**

भाजपा एन.आई.टी विधानसभा कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला चुनाव अधिकारी पटौदी के पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक सतीश फागना एवं जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, प्रदेश पदाधिकारी श्रीमती नीरा तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में एन.आई.टी विधानसभा के कुल 5 मंडल में से 3 मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। नंगला मंडल में रमेश धीमान, पाली मंडल में संदीप भड़ाना, जवाहर कॉलोनी मंडल में सुशील कुमार को मंडल अध्यक्ष चुना गया। पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ संपन्न हुआ मंडल अध्यक्षों का चुनावः जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स <चुनाव अधिकारी एवं जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा अपने आदर्शों, सिद्धांतों और विचारधारा के लिए जानी जाती है। पार्टी में संगठन का चुनाव भी पूरी पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ होता है । पिछले 2 महीने से चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत पहले साधारण सदस्य, फिर सक्रिय सदस्य बनाये गए और बूथ समिति के माध्यम से बूथ अध्यक्षों का चुनाव हुआ । बूथ अध्यक्षों द्वारा फरीदाबाद के 21 मंडल अध्यक्ष का चुनाव किया जा चुका है और शेष 8 मंडल अध्यक्षों का चुनाव जल्द होगा। श्री वत्स ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और पार्टी की संगठन की रीति निति एवं कार्यशैली की विस्तृत जानकारी दी ।

**कर्मठ, जुझारू और निष्ठावान कार्यकर्त्ता ही चुने गए मंडल अध्यक्षः राजकुमार वोहरा**

भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि संगठन पर्व के तहत भाजपा फरीदाबाद ज़िले के कुल 29 संगठनात्मक मंडलों में 21 मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न हो गए हैं एन.आई.टी में 2 और तिगांव में 6 कुल 8 मंडल अध्यक्ष घोषित किए जाने बाकी हैं जिनका निर्वाचन कर जल्दी ही घोषणा की जाएगी । श्री वोहरा ने कहा कि पार्टी के कर्मठ, जुझारू एवं निष्ठावान कार्यकताओं को मंडल अध्यक्ष चुना गया है क उन्होंने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की । तीनों विधानसभाओं के नवनिर्वाचित सभी 12 मंडल अध्यक्षों ने पार्टी संगठन और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## 26 जनवरी से शुरू होगी ब्लू बर्ड क्रिकेट लीग



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन धौज गांव स्थित ब्लू बर्ड स्पोर्टस काम्पलैक्स के मैदान में ब्लू बर्ड क्रिकेट लीग की शुरूआत होगी जिसमें शहर की जानी मानी टीमें भाग लेगीं। क्रिकेट लीग को सफल बनाने के लिए एनएच-5 नेशन हट के मोहियाल भवन में ब्लू बर्ड सीनियर सैकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर आयोजनकर्ता ध्रुव दत्ता ने बैठक की जिसमें कई क्रिकेट क्लब के कप्तान और खिलाड़ी जिसमें मुख्य रूप से सुधीर चौधरी,रमन,रविंदर सिंह,मनोज रावत,मजहर अली,रियाज,अशोक कुमार,प्रवीण,दीपांशु,निखिल,केपी भसला,नितिन,आकाश,मुकेश नेगी,धर्मेंद्र,मनमोहन रावत,मनन दत्ता व शैंकी धीमान, ने भाग लिया। इस मौके पर ध्रुव दत्ता ने बताया कि ब्लू बर्ड स्पोर्टस काम्पलैक्स का किक्रेट मैदान खिलाडिड़ों को बेहतरीन माहौल देगा जिससे कि वे अपने क्रिकेट को और निखारकर भविष्य में प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंनें बताया कि क्रिकेट मैदान में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। ध्रुव दत्ता ने बताया कि प्रत्येक रविवार को मैच होगा जीतने वाली टीमों को ट्राफी और मेडॅल दिए जाएगें। इसके अलावा मैन ऑफ दा मैच,फाईटर ऑफ दा मैच,बेस्ट बैटसमैन,बेस्ट बॉलर,हैट्रिक,शतक और 5 विकेट लेने वाले खिलाडियों को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। ध्रुव दत्ता ने बताया कि मुझे विश्वास है कि ब्लू बर्ड स्पोर्टस काम्पलैक्स का यह मैदान आने वाले दिनों में क्रिकेट खिलाडिड़ों की पहली पसन्द बनेगा।

## महिलाओं पर अत्याचार रोकने के लिए सामाजिक मानसिकता बदलना बेहद जरुरी: रेणु भाटिया

### हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया बीके सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने बीके सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला के सिविल अस्पताल के मरीजों से उनका हालचाल जाना और अस्पताल में इलाज के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आ रही इसके बारे में जानकारी ली। सर्वप्रथम हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने रेप पीड़ित लड़की से मुलाकात कर उसका हाल चाल जाना और उसके परिवार को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने बताया कि पीड़ित लड़की के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हों है जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से सहयोग की अपील की है ताकि पीड़ित के पिता को चाय का ठेला और चाय बनाने का सामान दिया जाए और उनको एक महीने का राशन भी दिया जाए। श्रीमती भाटिया ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए आयोग पूरी तरह से सजग है और किसी भी रूप से महिला अत्याचार को सहन नहीं किया जा रहा है। हर बेटी की परेशानी को समझते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करने में आयोग अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार समाप्त तभी होंगे जब लोग अपनी मानसिकता बदलेंगे। समाज में बदलाव के लिए मानसिकता का बदलना बेहद जरूरी है। उन्होंने पीएमओ डॉ विकास यादव से कहा कि लोग वहां बीमार होकर आते हैं। उनको ठीक करके भेजना हमारा उद्देश्य है। अस्पताल प्रशासन सफाई का विशेष ध्यान रखे। साथ ही मरीजों को ज्यादा इंतजार करना पड़ता है, उस समय को भी कम से कम किया जाए ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर उन्होंने जच्चा-बच्चा वार्ड में मरीजों को दिए जाने वाले खाने को भी चेक किया और बच्चा होने पर महिलाओं को खाने में ब्रेड के स्थान पर दूसरी पौष्टिक चीज देने के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पताल परिसर में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने जच्चा-बच्चा वार्ड में महिलाओं को कंबल भी वितरित किए।

## सेक्टर तीन में पार्क का किया जाएगा नवीनीकरण पं मूलचंद शर्मा विधायक

**समाचार गेट / सुमित गोयल**



**बल्लभगढ़ः** पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने सेक्टर 3 के 60 गज में डी प्लान के माध्यम से लगभग 15 लाख की लागत से पार्क के सौंदर्यकरण के कार्य का स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलान्यास कराया। इस मौके उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव से विकास के कार्य करती है।भाजपा राज में बल्लबगढ़ का चौमुखी विकास किया गया है, इस मौके पर विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने सेक्टर 3 के निवासियों की समस्याएं भी सुनी जिन्हें दूर करने का आश्वासन दिया और सेक्टर 3 पुलिस चौकी को पार्कों में नशेडियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सेक्टर 3 में पूरे भारतवर्ष से लोग रहते हैं जिन्हें सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं देना सरकार का फर्ज है। विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाने का काम किया है और भी बड़े बड़े कार्य सेक्टर 3 में चल रहे हैं।उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि भविष्य के निगम के चुनावों में किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं हैं क्योंकि भाजपा ही विकास का नाम है। पूर्व केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज पूरा हरियाणा विकास के पथ पर है। इस मौके पर 60 गज पॉकेट सेक्टर 3 प्रधान रविंदर मेहता,टिपरचंद शर्मा,नवीन चैची ,मंडल अध्यक्ष गौरव विरमानी, गौरी दत्त,राजेंद्र शर्मा, पीएल शर्मा,ज्ञानपाल खटाना,गौतम,शिवानी दीक्षित,सुष्मिता भौमिक,सुषमा यादव पुरुषोत्तम शर्मा सहित सेक्टर तीन के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## शहर में पार्कों में नशेड़ियो के खिलाफ पुलिस को कार्यवाही के निर्देश

**बल्लभगढ़।** पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने सेक्टर 3 के 60 गज में डी प्लान के माध्यम से लगभग 15 लाख की लागत से पार्क के सौंदर्यकरण के कार्य का स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलान्यास कराया। इस मौके उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव से विकास के कार्य करती है। भाजपा राज में बल्लबगढ़ का चौमुखी विकास किया गया है। इस मौके पर विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने सेक्टर 3 के निवासियों की समस्याएं भी सुनी जिन्हें दूर करने का आश्वासन दिया और सेक्टर 3 पुलिस चौकी को पार्कों में नशेडियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सेक्टर 3 में पूरे भारतवर्ष से लोग रहते हैं जिन्हें




सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं देना सरकार का फर्ज है। विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाने का काम किया है और भी बड़े बड़े कार्य सेक्टर 3 में चल रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि भविष्य के निगम के चुनावों में किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं हैं क्योंकि भाजपा ही विकास का नाम है। पूर्व केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज पूरा हरियाणा विकास के पथ पर है। इस मौके पर 60 गज पॉकेट सेक्टर 3 प्रधान रविंदर मेहता,टिपरचंद शर्मा,नवीन चैची ,मंडल अध्यक्ष गौरव विरमानी, गौरी दत्त,राजेंद्र शर्मा, पीएल शर्मा,ज्ञानपाल खटाना,गौतम,शिवानी दीक्षित,सुष्मिता भौमिक,सुषमा यादव पुरुषोत्तम शर्मा सहित सेक्टर तीन के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट / सुमित गोयल**



**फरीदाबाद**-पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना भूपानी की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिक लड़की के परिजनों के द्वारा 26 सितंबर को थाना भूपानी में एक शिकायती दी, जिसमें परिजनों के द्वारा बताया कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिक लड़की 25 सितंबर को घर से बिना बताए निकल गई थी। जिस पर थाना भूपानी में अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले में कार्यवाही करते हुए थाना भूपानी की टीम ने नाबालिक लड़की को भूपानी मोड़ से आरोपी रोहित के साथ तलाश किया। नाबालिक लड़की ने अपने ब्यान में आरोपी द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करने बारे बतलाया, जिस पर मामले में पोक्सो एक्ट की धारा जोड़ी गई तथा आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया, रोहित गांव भूपानी का रहने वाला है, जो पीड़िता के घर आता रहता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए स्वयंसेवकों के दल की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

### महाकुंभ में फरीदाबाद के दल के स्वयंसेवक करेंगे श्रद्धालुओं की हरसंभव मदद : डॉ राजेश भाटिया

**समाचार गेट / सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए रविवार को सिद्धपीठ हनुमान श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर-1 में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और महाकुंभ में जाने के लिए रुपरेखा तय की। इस दौरान फुल ड्रेस रिहर्सल का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से रेडक्रास से बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, संरक्षक रेडक्रास सोसायटी विमल खंडेलवाल, शिक्षाविद डा. एम.पी. सिंह मौजूद थे। मंदिर के प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाकुंभ में जाने को लेकर सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों में जबरदस्त उत्साह है और महाकुंभ में सभी जाने वाले लोग श्रद्धालुओं की मदद करेंगे और महाकुंभ में अपनी सेवाएं देंगे। डॉ भाटिया ने बताया कि, स्वयंसेवकों का दल 25 जनवरी, रात्रि 9:30 बजे सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 से रवाना होगा, जो कि अपने साथ टॉर्च, मेडिकल किट, थर्मामीटर, झंडे, फोल्डिंग बैड, दरी, मास्क, रस्सी, लाठी, चाय की केतली, एक्सटैंशन बोर्ड, बाल्टी, मग, शीशा, सेफ्टी पिन, सुई धागा,




भजन मंडली का सामान, कैंची सहित खाद्य सामग्री लेकर जाएंगे। तथा वहां पर भंडारे का आयोजन भी किया गया है डॉ भाटिया ने कहा कि महाकुंभ में फरीदाबाद से रवाना होने वाला दल पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है और इस कुंभ को यादगार बनाने के लिए पूरी तत्परता से काम करेगा। उन्होंने कहा कि आज रेडक्रास सोसायटी से आए गणमान्य लोगों ने महाकुंभ में फस्ट ऐड के साथ-साथ अन्य प्रकार की जरूरी जानकारी दी, जिन्हें दल के सभी सदस्यों को ने ग्रहण किया और इसका लाभ उन्हें महाकुंभ में मिलेगा। इस अवसर पर कमलेश शास्त्री, विमल खंडेलवाल व डा. एम.पी. सिंह ने महाकुंभ जाने वाले सभी दल को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि फरीदाबाद से वह दल कुंभ में अपनी सक्रिय भागेदारी निभाकर शहर का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर प्रधान डॉ राजेश भाटिया के साथ प्रसोद लाल माटा, भगवान दास कपूर, राधेश्याम भाटिया, अनिल कुमार, अजय शर्मा, सचिन भाटिया, मोक्षित भाटिया, अनिल चावला, रिंकल भाटिया, अमित नरूला, अनिल अरोड़ा, चिमनलाल भाटिया, आशीष अरोड़ा, रविंद्र गुलाटी, लक्ष्मण सिंह, पवन सिंह, रामस्वरूप भाटिया, प्रेम शर्मा, मनोज शर्मा, हरिंदर भाटिया, अनुज नागपाल, संजय कुमार, हरीश कुमार, गगन अरोड़ा, गुरजिंदर सिंह, दीपक शर्मा, देवेंद्र अरोड़ा, तिलक मेहंदीरता, जितेश भाटिया, सुधीर भाटिया, प्रीतम सिंह, राम नारायण भाटिया, सुशील कुमार कुकरेजा, संजय आहूजा, इंदर राज बजाज, राधेश्याम, सुरिंदर सिंह, राजीव भाटिया, सुरेंद्र कुमार भाटिया, सुशील भाटिया, राकेश कुमार झाम, सतपाल सिंह, पुरन चंद, दिनेश शर्मा, रवि भाटिया, नंदलाल कपूर, मदन आहूजा, राजेश भाटिया, सुरजीत, विशन दास, महेंद्र कुमार, जगदीश गेरा, सुखबीर, सुधीर भाटिया, ओम प्रकाश छाबड़ा, प्रकाश लाल दुआ, जनक सिंह भाटिया, गिरीश कुमार, प्रेम बब्बर व सतीश कुमार अन्य शामिल रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारम्भ पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

### कथा वाचन 19 से 26 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारम्भ पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकली। जिसमें 71 महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर पुराने शहर के प्रमुख मार्गों से निकलती हुई कथा स्थल पर पहुंची। बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ढ़ोल की थाप एवं बैंड की धार्मिक धुनों पर भजन कीर्तन करती एवं नृत्य करती हुई चल रही थीं। कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से जितना धर्म लाभ आयोजक को मिलता है उससे अधिक धर्म लाभ कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं को मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे लोगों को अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं धार्मिक धरोहर से जुड़े रहना बहुत आवश्यक है। जिसके लिए



श्रीमद्भागवत कथा सर्वोत्तम आयोजन होता है। इसलिए ऐसे धार्मिक आयोजन में भागीदारी करना जरूरी है ताकि भविष्य की पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित हो और हमारे रीति रिवाजों को सही से आसानी से कम समय में समझ सके। ओल्ड फरीदाबाद में पुरानी चुंगी रोड शर्मा डेयरी के निकट आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारम्भ पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा। जिसमे सैंकड़ों श्रद्धुलयों ने भाग लिया। महिलाएं कलश धारण कर भजन कीर्तन के दौरान धार्मिक भजनों की धुन पर नृत्य करती चल रही थी। इस कलश यात्रा में 71 महिलाएं कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुई। कथा आयोजन समिति से श्याम सुंदर एवं सेवादार राजू चौहान ने बताया कि प्रतिवर्ष जनवरी माह में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। यह कथा वाचन 19 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निश्चित की गयी है। कथा वाचक आचार्य श्याम सुंदर महाराज की मधुर वाणी से हम और आप एवं सभी बांके बिहारी के भक्तजन श्रीमद्भागवत का श्रवण कर धर्म लाभ उठाएंगे। कथा का समापन 26 जनवरी को हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारा के आयोजन होगा। कलश शोभा यात्रा के आयोजन में शर्मा डेयरी वाले बाबूराम शर्मा, दिनेश जैन, भूप सिंह चौहान, योगराज चौहान, राजबीर सिंह चौहान उर्फ राजू सहित कॉलोनी वासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## संपादकीय

### चुनावों में मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रहीं

चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है। नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव

## तजिंद्रपाल सिंह वार्ड 39 से निर्वाचित हुए प्रबंधक कमेटी के सदस्य

**चुनाव के लिए गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, झज्जर व दादरी में स्थापित किए गए थे 6 पोलिंग सेंटर**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम सहित वार्ड 39 के साथ लगते जिलों में संपन्न हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य पद के लिए आज करवाए गए चुनाव में तजिंदपाल सिंह को विजेता घोषित किया गया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गगनदीप कौर को 538 मतों के अंतर से पराजित किया



तजिंदपाल सिंह को 1489, जबकि गगनदीप कौर को 951 मत प्राप्त हुए। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्ड 39 में कुल 4447 मत थे, जिनमें से 2737 वोट डाले गए। मतदान प्रतिशत 61.5 रहा। इस चुनाव में तजिंदपाल सिंह, बीबी गगनदीप कौर व हरप्रीत सिंह सहित सदस्य पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें तजिंदपाल सिंह को 1489, गगनदीप कौर को 951 और हरप्रीत सिंह को 289 वोट मिले हैं। नोटा के बटन पर 8 मत प्राप्त हुए। गुरुग्राम सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में बनाए गए दो पोलिंग सेंटरों पर 50.25 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 2364 में से 1188 मतदाताओं ने ईवीएम मशीन का बटन दबाकर अपना वोट दिया। गर्ल्ज कालेज के कैंपस में सुबह 8 बजे मतदान की प्रक्रिया आरंभ हुई। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश भर में 40 सदस्यों में से एक सदस्य का चुनाव गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, चरखी दादरी और झज्जर को मिला कर बनाए गए वार्ड 39 के 6 मतदान केंद्रों पर हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए इस चुनाव में जीएमसीबीएल के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्रिलोकचंद बतौर निर्वाचन अधिकारी और नायब तहसीलदार सुरेंद्र भारद्वाज सहायक निर्वाचन अधिकारी के तौर पर नियुक्त रहे। सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सुबह से शाम तक कालेज परिसर में तैनात रहा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्ड 39 से तीनों उम्मीदवारों ने कालेज प्रांगण में अपने बूथ स्थापित किए हुए थे। गुरुग्राम में 2364 मतदाताओं के लिए मतदान के लिए बूथ नंबर 1 व 1-ए सहित दो पोलिंग सेंटर स्थापित किए गए। जिला प्रशासन की ओर से ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के तौर पर बिजली वितरण निगम के एसडीओ सतीश चंद्र और पंचायती राज के एसडीओ निशांत कुमार को नियुक्त किया गया। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। मतदाता दोनों बूथों पर कतार में खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

वरिष्ठ नागरिकों को कतार में सबसे पहले मतदान के लिए स्थान दिया गया। वोटर लिस्ट में मतदाता का नाम व आईडी देखकर ही उन्हें वोट डालने दिया गया। तीनों उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्र में बैठकर फोटोयुक्त वोटर लिस्ट में मतदान कर चुके मतदाताओं के नाम के आगे निशान लगा रहे थे। इस चुनाव को लेकर सिख समुदाय में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।

# जन जागरण अभियान में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुन उनका समाधान करना ही प्राथमिकता: मामन खान

**सप्ताह में तीन दिन जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनते हैं विधायक मामन खान**

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

जन जागरण अभियान चलाकर क्षेत्र के लोगों की समस्यायों को सुनना और उनका समाधान कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। सप्ताह में तीन दिन रहकर जनता की समस्या सुन और फिर उनका अधिकारियों से मिलकर समाधान करना ही जन जागरण अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने रविवार को क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में दौरा कर लोगों के सुख-दुख में शामिल होते हुए उनकी समस्याएं सुनते हुए कही। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विधायक मामन खान को अपने बीच देखते हुए हमेशा की तरह उन्हें अपनी-अपनी समस्याएं सुनाई ,बहुत सी समस्याओं को विधायक मामन खान इंजीनियर ने मौके पर ही सुलझाया, तो वही कई समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने की बात कह कर उनका समाधान कराने का भरोसा दिलाया। जिससे क्षेत्र के लोगों में विधायक के प्रति काफी खुशी देखने को मिली। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने कहा कि विधायक मामन खान इंजीनियर सप्ताह में तीन दिन क्षेत्र की जनता के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान कराते हैं। इतना ही नहीं क्षेत्र के सुख-दुख में भी वह हमेशा शामिल रहते हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों के दिलों में लगातार विधायक मामन खान के लिए जनता का प्यार बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस भरोसे के साथ उसे लगातार दूसरी बार विधायक बनाया हैं ,वो उसी उम्मीद और भरोसे पर खरा उतरते हुए जनता की समस्याओं का समाधान करने में लगे हुए हैं। बिजली, पानी ,सड़क या फिर कोई अन्य समस्या हो उसके लिए लगातार वह जनता के लिए मेहनत कर रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार मिले इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। मामन खान ने कहा कि मेवात के लोग ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराएं ,ताकि उनके बच्चे उच्च पदों पर नौकरियों में अपना स्थान पाकर अपने और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर सके ।



**नशे से बचने के लिए की विधायक ने मेवात के युवाओं से अपील**

इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने मेवात के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मेवात का युवा नशे की दलदल में फंसता जा रहा हैं, जिससे मेवात के युवाओं का भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है। मामन खान ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपना और अपने परिवार का ख्याल रखते हुए नशे से दूर रहे ,ताकि उनका परिवार और समाज खुशहाल रह सके। नशे के चक्कर में पड़कर युवा क्राइम की ओर बढ़ रहे हैं जिससे मेवात विनाश की ओर जा रहा है।

# गाडी में सामान रखकर चाय पी रहे व्यक्ति का सामान चोरी

**-कनीना बस स्टैंड के समीप घटित हुए हादसे की पुलिस की रही जांच**

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना बस स्टैंड के समीप गाडी रोक कर चाय पी रहे व्यक्ति के दो बैग अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इन बैग में कीमती सामान तथा नकदी थी। इस बारे में जितेंद्र सिंह वासी ढाणा, थाना कनीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार, 18 जनवरी को अपने साले की शादी का निमंत्रण देने तथा चंडीगढ से कनीना आ रहे अपने पुत्र चिराग को लेने के लिए आया था। दोपहर करीब ढाई बजे उसका पुत्र बस स्टैंड के समीप एक गारमेंटस की दुकान पर आया। जहां उसने गाडी में पिछली सीट पर दो बैग रख दिए ओर वे चाय पीने लग गए। चाय पीते समय अज्ञात चोर उनकी गाडी के बापू-बेटे का एक-एक बैग चोरी कर ले गए। चिराग के बैग में दो हजार नकदी सहित कपडे व जरूरी कागजात थे। जबकि जितेंद्र सिंह के बैग में स्वयं तथा परिजनों के जरूरी कागजात एवं 10 हजार रुपए की नकदी थी। चोरों की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कनीना शहर थाना पुलिस ने गाडी से बैग चोरी के आरोप में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# विद्यार्थियों की अध्ययन सम्बंधी समस्याओं के निदान के लिए पीटीएम का विशेष महत्व

**-एसडी स्कूल ककराला में आयोजित बैठक में 1003 अभिभावकों ने लिया हिस्सा**

**कनीना सुनील दीक्षित**



एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में रविवार को अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन गया। जिसमें 1003 अभिभावकों ने विद्यार्थियों के साथ हिस्सा लिया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन व विषय अध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने अपने विद्यार्थियों की दिनचर्या उनके व्यवहार समय-सारिणी, रुचि आदि से संबंधित पहलुओं से प्रबंधन व संबंधित अध्यापकों से परिचित करवाया और उनकी रिपोर्ट लेने में रुचि दिखाई। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने पीटीएम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये बैठक जागरुक अभिभावकों के लिए अध्यापकों से समय-समय विचार विमर्श करने व बच्चों के लिए सही मार्ग का चुनाव व सहयोग का आधार है। जिस प्रकार तीन .भुजाए एक साथ मिलकर त्रिभुज का आकार बनाती है ठीक उसी प्रकार अभिभावक के सहयोग से बच्चे बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि यह बैठक शैक्षिक जानकारी सहित व्यवहार, सामर्थ्यता से संबंधित बातों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित की जाती है। अध्यापक एवं अभिभावकों का विचार-विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। बच्चे के शैक्षणिक विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक की भी अहम्‌ भूमिका होती है। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करेंगे: राणा

**- दिल्ली की जनता हरियाणा की तरह दिल्ली में भाजपा सरकार लाना चाहती है: प्रो.रामबिलास शर्मा**

**कनीना सुनील दीक्षित**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की सोच है कि किसानों के उत्थान के लिए कार्य किया जाए किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा।उक्त बातें हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को जयराम सदन महेंद्रगढ़ में चाय पर लोगों के रूबरू होते हुए कही। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ कृषि उत्पादों की धुलाई, ग्रेडिंग और पैकिंग का काम आसानी से हो इसके लिए सरकार पैक हाउस स्थापित करने वाले किसानों को सब्सिडी पहले से ही प्रदान कर रही है। हरियाणा सरकार ने बागवानी फसलों की खेती को अधिक बढ़ावा देने व आय बढ़ाने के लिए शॉप पैक हाउस स्थापित कर रखे हैं। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अबकी बार आप सरकार को बदलने का मन बना लिया है दिल्ली की जनता हरियाणा की तरह दिल्ली में भाजपा की सरकार लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता देश की राजधानी की जनता है बड़ी जागरूक जनता है आप सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार से दिल्ली की जनता वाकिफ है। आप सरकार द्वारा दिल्ली में किए गए भ्रष्टाचार का जवाब दिल्ली की जनता 5 फरवरी को कमल के निशान पर बटन दबाकर देगी। श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब की आप सरकार किसानों को भड़काकर दिल्ली में प्रस्तावित 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में फायदा लेना चाहती है। इस मौके पर अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, कुलदीप यादव, कवंर डालूं, रकिश महता एडवोकेट, धर्मवीर पाली, वीरेंद्र सरपंच, सतवीर सेहलंग, सुंदरलाल सहित गण मान्य जन मौजूद थे।




# हत्या प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ ने किया गिरफ्तार

**समाचार गेट / सुमित गोयल**



**फरीदाबाद-** पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ कुशलपाल के द्वारा आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लबगढ़ की टीम ने लड़ाई झगड़ा व हत्या के प्रयास की धाराओं में दर्ज मामले में फरार चल रहे राहुल उर्फ अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बतलाया कि थाना सदर बल्लबगढ़ में 21 जुलाई 2023 को रिजवान वासी गांव कस्बा रबुपुरा जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश हाल गांव चन्दावली बल्लबगढ ने एक शिकायत दी थी, जिसमें बताया कि 21 जुलाई 2023 को समय करीब 10.00 बजे गांव चंदावली स्थित अपनी मीट की दुकान के पास ही शौचालय गया था। वापस आया तो शाहरुख निवासी राजीव कालोनी व अब्दुल्ला गांव गंगेरा बुलेन्द्र दोनों लडके दुकान से भागते दिखे व दुकान में उसके साला मुस्तकीम की गर्दन पर चोट लगी हुई मिली व खुन निकल रहा था। जिसका अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। जिस संबंध में थाना सदर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी राहुल उर्फ अब्दुल्ला को पुलिस टीम ने सेक्टर 12 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने शाहरुख के साथ मिलकर आपसी विवाद में मुस्तकीम को चोट मारी थी।आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# बगोत मोहित सुसाइड मामला: परिजनों की हठधर्मिता के समाने हाईकोर्ट के आदेश हुए हवा-हवाई

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी कैलाश चंद द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों को उनकी हठधर्मिता ने हवा-हवाई कर दिया गया है। कैलाशचंद द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई अर्जी पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को माननीय न्यायधीश हरप्रीत सिंह बरार ने तीन दिन में मृतक मोहित का अंतिम संस्कार करने के आदेश दिऐ थे। रविवार को इसकी संभावना थी , जिसकी नियत समयावधि समाप्त हो गई। लेकिन पत्थर दिल परिजनों ने सुसाइड कर चुके 26 वर्षीय मोहित के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। कैलाशचंद बेटे के दाह संस्कार से पहले एफआईआर दर्ज करने पर अडा हुआ है। इस बात को लेकर वे एसपी नारनौल से भी मिले हैं। जहां उन्हें आरोपों की जांच का आश्वासन दिया है।

बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने वादी कैलाश चंद एवं प्रतिवादी पक्ष हरियाणा सरकार के सीनियर डीएजी सुखदीप परमार की दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुनकर 3 दिन की अवधि के भीतर मोहित का दाह संस्कार करने, उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा जांच में सहयोग करने के आदेश दिए थे। ईधर कैलाशचंद की ओर से मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है तो उधर सरकार की ओर से उनके आरोपों की जांच के लिए किसी आईपीएस अधिकारी को डेप्यूट नहीं किया गया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई भले ही 20 मई 2025 तक स्थगित कर दी लेकिन मामला अभी भी पेचिदा ही बना हुआ है। शुक्रवार को कनीना के एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत, कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार, महेंद्रगढ के थाना इंचार्ज बुद्धवीर सिंह,कानूनगो उमेद सिंह जाखड, सुधीर, विक्रम सिंह सहित अन्य कर्मचारी नोटिस लेकर कैलाश चंद के घर पंहुचे थे, जिन्होंने बिना किसी शिकन के उसे रिसीव करने से मना कर दिया। फांसी लगाकर मरे 26 वर्षीय मोहित के अंतिम संस्कार करने की दलील पर कैलाशचंद ने कहा कि पुलिस पहले एफआईआर दर्ज करे उसके बाद वह अपने बेटे का अंतिम संस्कार करेगा।



विदित रहे कि 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा बीती 13 दिसंबर 2024 की रात आठ बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने मौके पर पंहुचकर शव को कब्जे में लेकर शनिवार 14 दिसंबर 2024 को उन्होने कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद ने प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से मना कर दिया था। जबकि मृतक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट आदि नहीं मिला था। पिछले 38 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें दुर्गंध उठने लगी है। समाचार लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मचारी हालातों पर लगातार नजर बनाए हुए थे। इस बारे में एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि बागोत के कैलाश चंद का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

निश्चित समयावधि में उनकी ओर से शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया जिसकी रिपोर्ट सोमवार को थरू चैनल हाईकोर्ट को भजी जायेगी। अदालत के आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा। सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर शव का तीन दिन मे अंतिम संस्कार करने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को अधिकारियों की उपस्थिति में कैलाश चंद को नोटिस तामील करवाने गए। मृतक युवक का अंतिम संस्कार कब किया जायेगा ये नहीं बताया गया।

# भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई के निधन पर गांव बाई में शोक जताने पहुंचे लोग



**(अनिल मोहनियां नूंह)**

नूंह विधानसभा से भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन के भाई रफीक खान के निधन के तीसरे दिन कई बड़े नेता शोक जताने उनके पैतृक गांव बाई में पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से पहुंचने वाले नेताओं में मनीष जैन चेयरमैन नगर पालिका फिरोजपुर झिरका, ईशा चेयरमैन नगीना, हतोड़ी सरपंच खेड़ला, हाजी अब्दुल हकीम उदाका, इदरीश साकरस, अजमत जेई भादस, रत्ती, सूबेदार, खुर्शीद नम्बरदार, सपात नसीम टाई, वकील टपकन, इमरान सरपंच अड़बर, सुंदर सेक्रेटरी, आमिर सरपंच बीबीपुर, रहीश अलावलपुर, सोनू नागपाल, गोपाल पटेल, जिला पार्षद योगेश तंवर आटा, निहाल इंडरी, जाहिद एडवोकेट खेड़ला, हाजी फत्तेला रिठौरा, सोकत उर्फ गुडचडी, साहुन रायपुरी, जुबेर सरपंच जयसिंहपुर, राजू सरपंच हसनपुर, जेडी सोहना, रोहित कुर्थला, साहुन पूर्व सरपंच अलावलपुर, सुरेश फोजी आल्दुका, हाजी खालिद हथीन, जयबीर भड़ाना, इंद्रवीर पृथला, साबिर सरपंच मालब, साकिर सरपंच सल्हाका, समीम मेवली, धर्मेंद्र सोनी, बंटी गूर्जर, आमिल जुम्मा, फकरु पार्षद बिसरू, नदीम, हाजी अकबर, हाजी अख्तर सलम्बा, इमरान, दीनु पहलवान खेड़ला सहित अन्य गणमान्य लोग पहुंचे। बता दें कि चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन व उनका परिवार क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक दृष्टि से अपनी अलग पहचान रखता है। बीते तीन दिनों में नूंह जिला के साथ अन्य जगहों से हजारों की संख्या में सगे संबंधीयो के पहुंचने का तांता लगा रहा। तीन दिनों के शोक के बाद अब शोक करने के लिए बाई की जगह नूंह मेडिकल मोड़ पर स्थित आवास पर पहुंचे।

# आठ शहरों में घरों की बिक्री में 26 फीसदी की गिरावट: रिपोर्ट

### - बिक्री में गिरावट महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव और संपत्ति की बढ़ी हुई कीमतों से आई

**मुंबई ।**

मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु समेत देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। बताया जा रहा है कि बिक्री में गिरावट महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव और संपत्ति की बढ़ी हुई कीमतों की वजह से आई है। एक रियल एस्टेट परामर्श मंच की हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस विश्लेषण में शामिल आठ में से तीन शहर महाराष्ट्र और हरियाणा में स्थित हैं जहां पर बीती तिमाही में विधानसभा के चुनाव हुए। हालांकि दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सालाना आधार पर बाकी सभी सात शहरों शहरों में घरों की बिक्री में गिरावट आई है। दिल्ली-एनसीआर में दिसंबर तिमाही में घरों की बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 9,808 इकाई रही जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 6,528 था। बीते वर्ष की चौथी तिमाही में नई परियोजनाएं पेश करने में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। आठ में से पांच शहरों में पिछली तिमाही के दौरान पेश नई परियोजनाओं की संख्या घटी है। संपत्तियों की खरीद-बिक्री या किराये पर लेन-देन की जानकारी देने वाले मंच के एक अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर में त्योहारों के दौरान बिक्री में तिमाही आधार पर वृद्धि हुई। इसके बाद भी अधिकांश क्षेत्रों में बिक्री और नई पेशकश में पिछले साल के मुकाबले गिरावट देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार मुंबई क्षेत्र (एमएमआर) में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,617 घरों की बिक्री हुई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 48,553 घरों की बिक्री हुई थी। पुणे में इस दौरान 31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,240 घरों की बिक्री हुई। वहीं बेंगलुरु में 23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,236 घरों की बिक्री हुई, हैदराबाद में 36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,179 घरों की बिक्री हुई और चेन्नई में पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,073 घरों की बिक्री हुई।

# बाजारों में ब्रांडेड खाद्य तेलों में मिलावट

- धड़ल्ले से बिक रहा है मिलावटी खाद्य तेल
- बड़ी-बड़ी कंपनियां कर रही है करोड़ों की कमाई

**मुंबई ।**

नामी गिरामी ब्रांडेड कंपनियां खाद्य तेलों में मिलावट करके खुलेआम मिलावटी तेल बेच रही हैं। खाद्य तेलों में बड़े पैमाने पर ब्रान आयल मिलाया जा रहा है। इसे उपभोक्ताओं को महगे दामों में बेचा जा रहा है। धान की भूसी का तेल सबसे ज्यादा खाद्य तेल में मिलाकर, ब्रांडेड कंपनियों ब्रांड के नाम से महगे दामों पर बेच रही हैं।

सरसों, सोयाबीन और मूंगफली के तेल से ब्रान ऑयल 40 से लेकर 60 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता होता है। सरकार ने ब्लेंडिंग कानून में बड़ी कंपनियों के लिए बदलाव कर दिए हैं। इसका फायदा बड़ी-बड़ी कंपनियां उठा रही हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां अंग्रेजी में लेवल छपवाती हैं। उसमें बहुत छोटे अक्षरों में मल्टी सोर्स आयल लिखा रहता है।

जो उपभोक्ता ब्रांडेड सोयाबीन, सरसों और मूंगफली का तेल खरीदता है। उसे मालूम ही नहीं होता है, वह मिलावटी तेल खरीद रहा है। वह भी महंगे दामों पर खरीद रहा है।

केंद्र सरकार ने 3 फरवरी 2023 को तेल के ब्लेंडिंग कानून में बदलाव किए हैं। नए बदलाव के अनुसार अब कंपनियों को 20 फीसदी तक दूसरे तेल की मिलावट करने की अनुमति दी गई है। ब्रांडेड कंपनियों द्वारा जो सरसों, मूंगफली और सोयाबीन का तेल बेचा जा रहा है। उसमें सबसे सस्ता धान को भूसी का तेल मिलाया जा रहा है। इससे ब्रांडेड कंपनियों को बड़ी कमाई हो रही हैं। वहीं उपभोक्ताओं को खुले आम बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा लूटा जा रहा है। उपभोक्ता को पता नही होता है। वह मिलावटी तेल खरीद रहा है। बड़ी कंपनियां अपने फायदे के लिए सरकार के नियमों में परिवर्तन कराकर करोड़ों रुपए कमा रही हैं। अन ब्रांडेड तेल बेचने वालों के लिए मिलावट के अलग कानून हैं। सरकार ने ब्रांडेड कंपनियों के लिए अलग कानून बना दिया है। ब्रांडेड कंपनियां तेल में किस तेल की कितनी मिलावट कर रही हैं। इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं देती है। उनके लेवल भी अंग्रेजी भाषा में होते हैं। मल्टी सोर्स ऑयल भी बहुत छोटे अक्षरों में लिखा रहता है। यह लूट पिछले कुछ समय से बढ़ती ही चली जा रही है। सरकार इस लूट पर आंख बंद करके बैठी हुई है।

# सेंसेक्स की प्रमुख छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.71 लाख करोड़ घटा

### *सबसे ज्यादा नुकसान इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ*

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी आईटी क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,71,680.42 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 62,948.4 करोड़ रुपये घटकर 7,53,678.38 करोड़ रुपये रह गया।

सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस को ही हुआ। तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को इन्फोसिस के शेयर में करीब प्रतिशत की गिरावट आई। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 50,598.95 करोड़ रुपये घटकर 14,92,714.37 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,605.92 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.52 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,005.84 करोड़ रुपये घटकर 8,65,495.17 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 15,640.8 करोड़ रुपये घटकर 12,51,799.81 करोड़ रुपये और आईटीसी के मूल्यांकन में 5,880.51 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,50,702.93 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के `` विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 79,773.34 करोड़ रुपये बढ़कर 17,60,967.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 18,697.08 करोड़ रुपये बढ़कर 6,81,930.22 करोड़ रुपये, एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 9,993.5 करोड़ रुपये बढ़कर 5,40,724.05 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 7,080.98 करोड़ रुपये बढ़कर 9,27,014.97 करोड़ रुपये हो गया।

# आम बजट में आरएंडडी के प्रोत्साहन के लिए नई योजना की घोषणा

### नई योजना से विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा

**नई दिल्ली ।**

आम बजट 2025-26 में भारत में शोध एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन पीएलआई) योजना की घोषणा की गई है। इस नई योजना के माध्यम से विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा, जिससे देश को नवोन्मेषण का वैश्विक केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। पीएलआई योजना के बारे में बात करते हुए डेलायट इंडिया के एक भागीदार ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी नीति पर काम कर रही है जिसमें कर रियायतें कम हों और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं हों, जो निवेश और रोजगार को बढ़ावा दें। हमें भारत को अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के रूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है और यदि ऐसी नीति हो सकती है जो इसे प्रोत्साहित करे, जैसे कि विदेशी कंपनियों को शामिल करने वाली पीएलआई योजना, तो यह देश के लिए बड़ा कदम होगा। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट संसद में एक फरवरी को पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नयी योजना में विदेशी कंपनियों को भारत आने के लिए प्रोत्साहित करने वाली नीतियाँ हो सकती हैं, जो देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दें। भारत




एक सेवा आधारित अर्थव्यवस्था है और अगर इसे आगे बढ़ाया जाए, तो यह विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है। सरकार की इस नई योजना से आर्थिक उत्थान को लेकर नए किरदार को उम्मीदें हैं और देश को नए दिशानिर्देश में ले जाने की उम्मीद है।

# विदेशी निवेशकों ने जनवरी में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ निकाले

### दिसंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था

**नई दिल्ली ।** डॉलर मजबूत होने, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने और कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की आशंका से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजार से 44,396 करोड़ रुपये की निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 15,446 करोड़ रुपये डाले थे। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर तमाम तरह की अड़चनों की वजह से विदेशी निवेशकों के रुख में बदलाव हुआ है। बाजार के एक विशेषज्ञ ने कहा` कि भारतीय रुपये में लगातार गिरावट ने विदेशी निवेशकों पर काफी दबाव डाला है। यही वजह है कि वे भारतीय बाजार से अपना निवेश निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हाल की गिरावट के बावजूद भारतीय शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन, कमजोर तिमाही नतीजों की संभावना, आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को लेकर अनिश्चितता निवेशकों को प्रभावित कर रही है।

आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 17 जनवरी तक भारतीय शेयरों से 44,396 करोड़ रुपये निकाले हैं। दो जनवरी को छोड़कर इस महीने के सभी दिन एफपीआई बिकवाल रहे हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक मुख्य निवेश रणनीतिकार ने कहा कि एफपीआई की लगातार बिकवाली की मुख्य वजह डॉलर की मजबूती और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल का बढ़ना है। डॉलर सूचकांक 109 से ऊपर है और 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल 4.6 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में एफपीआई का उभरते बाजारों में बिकवाली करना तर्कसंगत है, खासकर सबसे महंगे उभरते बाजार भारत में।

## हेल्थ इंश्योरेंस कितना जरूरी, जानिए इसकी महत्वपूर्णता

### - अरबों रुपये के मालिक भी हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठाते हैं

**मुंबई ।** बॉलीवुड के प्रमुख अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हाल हमले के बाद उनकी स्थिति अभी स्टेबिल है। हमले के बाद सैफ अली खान ने तत्काल इंश्योरेंस कवर की जरूरत महसूस की और इंश्योरेंस कंपनी से 36 लाख रुपये का दावा किया। हालांकि, कंपनी ने उन्हें केवल 25 लाख रुपये की मंजूरी दी है। सैफ अली खान की इस घटना से यह साफ हो जाता है कि हेल्थ इंश्योरेंस कितना आवश्यक है। अरबों रुपये के मालिक भी हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठाते हैं तो आम लोग क्यों न करें? हेल्थ इंश्योरेंस एक सुरक्षा पुस्तिका है जो आपकी सेहत की आमदनी को सुनिश्चित करती है। अस्पताल में भर्ती होने पर बिल का बोझ बढ़ सकता है, लेकिन हेल्थ इंश्योरेंस इस बोझ से आपको मुक्ति दिलाता है। हेल्थ इंश्योरेंस किसतना कवर चाहिए, यह आपकी उम्र और परिवार के सदस्यों पर निर्भर करता है। फैमिली फ्लोटर प्लान जैसे योजनाएं परिवार के सभी सदस्यों का कवर करने में मदद कर सकती है। हेल्थ इंश्योरेंस की कई निजी और सरकारी कंपनियां हैं जो इस सुरक्षा का संदेश फैला रही हैं।




## छह माह की चुनौतियों के बाद रिलायंस ने फिर पकड़ी वृद्धि की राह : ब्रोकरेज कंपनियां

### - कंपनी ने दिसंबर तिमाही में उम्मीद से बेहतर नतीजे दिए

**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) छह महीने की चुनौतियों के बाद एक बार फिर वृद्धि के पथ पर लौट आई है। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में उम्मीद से बेहतर नतीजे दिए हैं। एक ब्रोकरेज कंपनियों ने यह बात कही है। कच्चे तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र में कार्यरत समूह ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपनी सबसे ऊंची 43,800 करोड़ रुपये की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) दर्ज की है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि समूह ने विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन किया है। मुख्य रूप से कंपनी ने तेल-से-रसायन (ओ2सी) क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा कंपनी के उपभोक्ता खुदरा कारोबार में भी सुधार हुआ है। कंपनी विनाइल, पॉलिएस्टर श्रृंखला और ईथेन आयात लॉजिस्टिक्स में निवेश के साथ घरेलू बाजार पर केंद्रित अपनी रसायन क्षमता का विस्तार करना चाहती है। एक रिसर्च कंपनी ने कहा कि उसे 2025 में समूह के कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए कई उत्प्रेरक दिख रहे हैं। इसमें खुदरा क्षेत्र में बदलाव, नई ऊर्जा की शुरुआत और डिजिटल कारोबार में नई गति शामिल है। इसने कहा` कि हमारा मानना है कि तीसरी तिमाही का नतीजा उम्मीदों के अनुरूप रहा है। यह निकट अवधि में उम्मीद से थोड़ा कमतर नतीजों में आखिरी है। अब हमारा मानना है कि खुदरा क्षेत्र में बदलाव, नए ऊर्जा कारोबार की शुरुआत और डिजिटल कारोबार की रफ्तार समूह के लिए उत्प्रेरक साबित होंगे।

## देश की पहली सोलर कार लॉन्च, सिर्फ 80 पैसे में 1 किमी दौड़ेगी

### - कीमत 3.25 लाख रुपए

**नई दिल्ली ।** भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में नए इनोवेशन की ओर बड़े कदम बढ़ रहे हैं। हाल ही में पुणे की बेस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टार्ट-अप कंपनी वेव मोबिलिटी ने देश की पहली सोलर पावर्ड कार वायवे ईवा को लॉन्च किया है। यह कार केवल 3.25 लाख रुपए में उपलब्ध है और कंपनी का दावा है कि यह 250 किमी की ड्राइविंग रेंज के सिंगल चार्ज पर प्रदर्शन कर सकती है। वायवे ईवा का डिजाइन भी विशेष है, जिसमें सोलर पैनल को सनरूफ पर इस्तेमाल किया गया है। कार में अंदर कंफर्ट और एंटरटेनमेंट के लिए एसी, एपल कारप्ले, और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी सिस्टम भी शामिल हैं। इसकी टॉप स्पीड 70 प्रति किमी है और फुल चार्ज होने में सिर्फ 45 मिनट लगते हैं। पर्यावरण को देखते हुए सोलर पावरड व्हीकल्स का उपयोग करने में यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में सोलर कारों की एंट्री से मोटर व्यावसाय में गहरा तबदला देखने के अवसर हैं, जिससे न केवल इंडस्ट्री में विकास होगा बल्कि पर्यावरण की भी ध्यान में रखा जा सकेगा।




# कंपनियों के तिमाही परिणाम, एफपीआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

### - कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी

**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है। बाजार के एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि जैसे-जैसे तिमाही नतीजों का सीजन आगे बढ़ेगा, निवेशकों का ध्यान आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्रित होने की उम्मीद है, जो साल के लिए सरकार के आर्थिक और राजकोषीय रुख की रूपरेखा तैयार करेगा। बाजार प्रतिभागी नीतिगत उपायों, राजकोषीय आवंटन और विकास पहल पर बारीकी से नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर सभी की नजरें डोनाल्ड ट्रंप पर हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। एक बाजार विशेषज्ञ कहते हैं` कि तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। निवेशकों की नजरें कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद नीतिगत घोषणाएं वैश्विक स्तर पर बाजार धारणा को काफी प्रभावित करेंगी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे हम उम्मीद करते हैं कि इस सप्ताह बाजार कई घरेलू और वैश्विक कारकों के कारण सतर्क रुख बनाए रखेगा।




सप्ताह के दौरान दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे आ रहे हैं, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद व्यापार शुल्कों की घोषणा और उसके वैश्विक व्यापार पर असर को लेकर सभी की नजरें रहेंगी।

## अगर आपको भी है गेमिंग ऐप की लत तो हो जाएं सावधान

### धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 7 लाख रुपये की राशि बरामद की गई

**जम्मू ।** जम्मू के साइबर सेल डी.पी.ओ. ने ऑनलाइन और ऑफलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध के मामलों के खिलाफ लड़ाई में नए कदम उठाए हैं। उनकी टीम ने लगातार काम करके आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया है। इस समय साइबर सेल ने कई मामलों को सुलझाते हुए धोखाधड़ी से बरामद की गई राशि का आंकलन किया है। इन मामलों में लगभग 7 लाख रुपये की राशि बरामद की गई है। शिकायतकर्ताओं ने टेलीग्राम पर ट्रेडिंग और नकली गेमिंग एप के माध्यम से धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज की थी। साइबर सेल जम्मू के एक प्रतिनिधि ने बताया कि वे उन्हें किस तरह कर्मचारियों और तकनीकी उपकरणों के माध्यम से धोखाधड़ी के मामलों में सफलतापूर्वक इन्वेस्टिगेशन करने में मदद मिल रही है। जम्मू साइबर सेल ने धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई है और धोखाधड़ी और साइबर अपराध के मामलों में कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार साइबर सैल ने एक बार फिर अलग-अलग साइबर अपराध शिकायतों में धोखेबाजों से 6,90,460 की राशि सफलतापूर्वक बरामद की है। उक्त राशि ऑनलाइन ट्रेडिंग और इनवैस्ट के बारे में अलग-अलग रणनीति अपनाकर लोगों को धोखा देकर इकट्ठी की गई थी। बता दें कि 2 शिकायतों में शिकायतकर्ताओं ने टेलीग्राम पर ट्रेडिंग में इनवेस्ट किया था और अन्य शिकायतों में शिकायतकर्ताओं ने एक नकली गेमिंग एप (एविएटर) के माध्यम से पैसे गंवाए थे।



# इस सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे 5 नए आईपीओ

### मेनबोर्ड आईपीओ 22 जनवरी से 24 जनवरी तक खुला रहेगा

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार में इस सप्ताह 5 कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे। इन 5 कंपनियों में 4 एसएमई सेगमेंट और 1 मेनबोर्ड आईपीओ शामिल है। मेनबोर्ड में इस हफ्ते डेंटा वाटर का आईपीओ खुल रहा है। यह मेनबोर्ड आईपीओ 22 जनवरी से 24 जनवरी तक खुला रहेगा। कंपनी ने 279 रुपए से 290 रुपए प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। इस आईपीओ के लिए 50 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है। जिससे निवेशकों को कम से कम 14,700 रुपए का दांव लगाना होगा। बता दें कंपनी ग्रे मार्केट में 110 रुपए के जीएमपी पर ट्रेड कर रही है। कंपनी के आईपीओ का साइज 169.37 करोड़ रुपए का है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 32.20 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं 32.20 लाख शेयर ऑफर फाल सेल के तहत जारी किए जाएंगे। कंपनी के आईपीओ का 20 जनवरी को खुल रहा है। आईपीओ पर निवेशकों के पास 22 जनवरी तक दांव लगाने का मौका रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 250 रुपए से 263 रुपए तय किया गया है। ग्रे मार्केट में कंपनी 110 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। कंपनी का आईपीओ 22 जनवरी को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 24 जनवरी तक दांव लगाने का मौका रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 145 रुपए है। कंपनी ने 1000 शेयरों का लॉट बनाया है। जिससे निवेशकों को कम से कम 145000 रुपए का दांव लगाना होगा। आईपीओ 23 जनवरी को खुल जाएगा। निवेशक 27 जनवरी तक दांव लगा सकते हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 235 रुपए से 250 रुपए प्रति




शेयर तय किया है। वहीं लॉट साइज 600 शेयरों का है। निवेशकों को एक साल 1.50 लाख रुपए का निवेश करना होगा। यह एसएमई आईपीओ 24 जनवरी को खुलेगा। निवेशक 28 जनवरी तक आईपीओ पर दांव लगा पाएंगे। कंपनी ने अभी प्राइस बैंड की घोषणा नहीं की है। आईपीओ के जरिए 24.58 लाख शेयर जारी किए जा सकते हैं।

## दावोस में दिखेगी भारत की विविधता में एकता की झलक

**दावोस ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की शुरुआती बैठक में भारत ने 'विविधता में एकता' का संदेश दिखाया। सोमवार से पांच दिन तक चलने वाली इस महामहिम सभा में भारत ने अपना सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भेजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की सफलता को दुनिया के सबसे अमीर और ताकतवर नेताओं को दिखाने का भारत का मिशन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पांच केंद्रीय मंत्रियों के साथ तीन मुख्यमंत्री, करीब 100 सीईओ, सरकारी अधिकारी और कला-संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का समावेश है। भारत के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे। बैठक में महाराष्ट्र ने 7 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने का लक्ष्य रखा है। तेलंगाना और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी निवेश के अपने हिस्से की तलाश की है। इस महामहिम सभा के माध्यम से भारत अपनी मजबूत वृद्धि दर्ज करने का मिशन ले रहा है, जब दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों के सर्वे अनुसार 2025 में वैश्विक आर्थिक स्थितियों के बारे में कमजोर होने की चिंता है। हालांकि, भारत ने अपने रफ्तार को बनाए रखने की पहल रखी है। इस संगठन के सभी दिग्गज नेता, उन्होंने अपने देशों की बढ़ती वृद्धि दर का हर एक मौका सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी ली है।



## जवान-पठान के बाद इंस्पेक्टर गालिब के किरदार में नजर आएंगे शाहरुख?

चांदनी बार, पेज 3, फैशन, ट्रैफिक सिग्नल, जेल और हीरोइन जैसी फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड निर्देशक मधुर भंडारकर कथित तौर पर शाहरुख खान के साथ फिल्म इंस्पेक्टर गालिब के लिए बातचीत कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्ट अभी भी वही है उसमें कुछ बदलाव नहीं हुआ है और वह इसे फिर से शुरू कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ मिलकर इंस्पेक्टर गालिब नाम की एक एक्शन फिल्म बनाना चाहते हैं फैशन और हीरोइन जैसी फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता ने अब खुलासा किया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है और वह किसी दिन इसे फिर से शुरू कर सकते हैं। मधुर भंडारकर ने इंस्पेक्टर गालिब को लेकर कहा कि इस फिल्म को लेकर काम पूरा नहीं हो पाया क्योंकि महामारी की वजह से इसका काम रुक गया था और किंग से उस समय उनका संपर्क भी टूट गया था। हालांकि, वह भविष्य में फिल्म बनाने का प्लान बना रहे हैं।

एक्शन ड्रामा से भरपूर होगी फिल्म

मधुर भंडारकर से कुछ साल पहले जब शाहरुख खान के साथ उनकी फिल्म इंस्पेक्टर गालिब के लिए बारे में पूछा गया था। उन्होंने जवाब दिया, इसकी स्क्रिप्ट बहुत अच्छी है। मैं हमेशा से ऐसी फिल्म बनाना चाहता था और इसका सब्जेक्ट भी बहुत सुंदर है। यह यूपी के एक पुलिस वाले के बारे में है। स्क्रिप्ट पर थोड़ा काम अभी भी बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मधुर ने आगे कहा, मैं इंस्पेक्टर गालिब की स्क्रिप्ट पर जरूर काम करूंगा। मैं यह फिल्म जरूर बनाना चाहूंगा। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी। लेकिन मैं इसे तब बनाऊंगा, जब मुझे लगेगा कि मुझे इंस्पेक्टर गालिब बनानी चाहिए। वहीं काम की बात करें तो शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म किंग में नजर आएंगे। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी। इस फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी।



## साउथ में खूब दिखा इन अभिनेत्रियों का जलवा, हिंदी सिनेमा में डेब्यू फिल्म ही रही फ्लॉप

पैन-इंडिया स्तर पर लोकप्रियता हासिल करना आसान काम नहीं होता। कई सितारे क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्री से निकल पूरे देश में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। वहीं, कुछ सितारे ऐसा करने में नाकाम रहे। आज हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें साउथ में काफी ज्यादा सफलता मिली, लेकिन हिंदी फिल्मों में उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही।

### कीर्ति सुरेश

कीर्ति सुरेश ने हाल ही में फिल्म बेबी जॉन से अपने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। इस फिल्म से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें थीं। हालांकि, कलीस के निर्देशन में बनी उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही है।

### पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े ने तमिल और तेलुगु सिनेमा में काफी ज्यादा सफलता हासिल की थी। इसके बाद 2016 में उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ मोहनजोदारो के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म अशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।

### मालविका मोहनन



दक्षिण सिनेमा में मालविका मोहनन ने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उन्होंने पिछले साल सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ युद्धा के जरिए पैन-इंडिया फिल्मों में कदम रखा। हालांकि, यह एक्शन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। मालविका हिंदी सिनेमा के दर्शकों के बीच अपना प्रभाव छोड़ने में भी नाकाम रही।

### रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना ने किरिक पार्टी से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। उनकी हालिया रिलीज फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई की है। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि रश्मिका का बॉलीवुड डेब्यू भी फीका रहा था। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ गुडबाय से की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी।

### तृषा कृष्णन

खट्टा मीठा साल 1988 की मलयालम फिल्म वेल्लनाकालुदे नाडु का रीमेक था, जिसमें मोहनलाल ने अभिनय किया था। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी खट्टा मीठा फिल्म में अक्षय कुमार और तृषा कृष्णन थे। हालांकि, 2010 में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत से भी नीचे रहा था।





## कब शुरू होगी श्रद्धा कपूर की फिल्म नागिन की शूटिंग?

कुछ साल पहले यह खबर सामने आई थी कि श्रद्धा कपूर फिल्म नागिन में लीड रोल निभाने वाली हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो सकती है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि हाल ही में इस फिल्म के निर्माता ने अहम अपडेट साझा किया है।

### निखिल द्विवेदी ने साझा की तस्वीर

मकर संक्रांति के मौके पर निखिल द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में फिल्म की स्क्रिप्ट की झलक दिख रही है। साझा किए गए फोटो में नागिन एन एपिक टेल ऑफ लव एंड सैक्रिफाइज लिखा हुआ दिख रहा है। वहीं, उसके नीचे क्रिएटेड एंड डेवलप्ड बाय सैफरॉन मैजिक वर्क्स लिखा है। स्क्रिप्ट के चारों ओर गेंदे के फूल भी देखे जा सकते हैं।

### कब शुरू होगी शूटिंग?

निखिल द्विवेदी ने इस तस्वीर को कैप्शन दिया, मकर संक्राति और आखिरकार.... इस कैप्शन से यह साफ संकेत मिल रहा था कि फिल्म का काम अब शुरू होने वाला है। पिछले साल एक साक्षात्कार में निखिल द्विवेदी ने कहा था कि श्रद्धा कपूर इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की संभावना है।

### स्त्री 2 में नजर आई थीं श्रद्धा

श्रद्धा कपूर को आखिरी बार हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी हिट रही थी। फिल्म ने टिकट खिड़की पर 597.99 करोड़ का कलेक्शन किया था। फिल्म साल यानी 2024 में यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म थी।

## कार्तिक आर्यन की राह चलीं खुशी कपूर

कार्तिक आर्यन की फिल्म प्यार का पंचनामा देखी है? अगर देखा होगी तो इस फिल्म में उनका मोनोलॉग तो याद ही होगा। यह उनकी पहचान बन गया है। कार्तिक आर्यन किसी इवेंट में शामिल हों फैंस उनसे इस मोनोलॉग की डिमांड करने लगते हैं। अब कुछ ऐसा ही प्रयोग खुशी कपूर करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक लवयापा में उनका मोनोलॉग है। इसकी अवधि भी कम नहीं है।

### कितने मिनट का होगा मोनोलॉग

श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर फिल्म लवयापा में आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं। इसका ट्रेलर बीते दिनों लॉन्च हुआ। हालांकि, इसे ठंडी प्रतिक्रिया ही मिली है। इस बीच फिल्म में खुशी के मोनोलॉग की खबर आ रही है। फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक लवयापा में खुशी कपूर का आठ मिनट लंबा मोनोलॉग होगा।

### उम्मीदों पर उतर पाएंगी खरी?

इसमें कोई दोराय नहीं कि कार्तिक आर्यन का मोनोलॉग दर्शकों के दिमाग पर छप गया है। अब आगामी फिल्मों में अगर कोई मोनोलॉग पेश करता है तो उम्मीदें भी उसी किस्म की होंगी। ऐसे में अगर खुशी कपूर का मोनोलॉग दर्शकों को देखने को मिलता है तो क्या वे उम्मीदों पर खरी उतर पाएंगी? बता दें कि मोनोलॉग को लेकर अभी मेकर्स की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



## दोस्ताना 2 टलने के बाद नई फिल्म पर काम करेंगे करण-कार्तिक-जान्हवी

करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आने वाले थे। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हुई। लेकिन फिर कोविड-19 महामारी के बीच फिल्म हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में चली गई। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच कुछ रचनात्मक मतभेदों के चलते फिल्म अटक गई। अब खबरें हैं कि करण जौहर फिर एक फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी खबरें शुरू क्यों हुई? यह भी जान लेते हैं।

### क्या फिर साथ आएगी दोनों की जोड़ी?

दरअसल, हाल ही में करण जौहर को जान्हवी कपूर के साथ देखा गया। फिर करण जौहर की कार्तिक आर्यन के साथ भी तस्वीरें सामने आईं। दोनों ही तस्वीरों में करण जौहर एक जैसे आउटफिट में हैं। दावा किया जा रहा है कि यह फोटो एक ही वक्त की हैं। और बस...इसी के बाद यह सवाल भी उछला कि क्या ये तीनों फिर एक साथ किसी फिल्म पर काम करने वाले हैं?

### कार्तिक के साथ फिल्म बना रहे करण जौहर

जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन दोनों के साथ ही करण जौहर ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। बता दें कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर पहले ही तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी कर रहे हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का एलान 2024 में क्रिसमस पर किया गया। समीर विध्वंस इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### धर्मा की इस फिल्म का हिस्सा हैं जान्हवी

जान्हवी कपूर के पास भी धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। इसमें वे वरुण धवन के अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म को शशांक खेतान ने लिखा है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।





## बेबी जॉन की असफलता पर जैकी श्रॉफ की प्रतिक्रिया

फिल्म बेबी जॉन क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। रिलीज से पहले अपने एक्शन के लिए जबर्दस्त सुर्खियां बटोरने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई है। इसमें वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश के साथ एक्टर जैकी श्रॉफ भी नजर आए। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की विफलता पर प्रतिक्रिया दी है। प्रोड्यूसर्स के लिए खराब लगता है फिल्म बेबी जॉन के खराब बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए जैकी श्रॉफ का कहना है कि उन्हें निर्माताओं के लिए खराब लगता है। उन्होंने बातचीत में यह कहा। बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ खलनायक की भूमिका में नजर आए। कथित तौर पर बेबी जॉन को करीब 180 करोड़ रुपये से अधिक के बजट में बनाया गया। फिल्म 50 करोड़ रुपये भी जुटा पाने में नाकाम साबित हुई।

भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं निर्माता

जैकी श्रॉफ से जब पूछा गया कि क्या फिल्म के खराब प्रदर्शन से उन पर असर पड़ता है? इस पर उन्होंने कहा, निर्माता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। वे इन प्रोजेक्ट्स में बहुत सारा पैसा लगाते हैं और बहुत ही भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं। जब वे इस लागत को वसूल नहीं कर पाते तो बहुत तकलीफ होती है। एक कलाकार के तौर पर बेशक आप चाहते हैं कि आपके अभिनय को पसंद किया जाए, लेकिन आप यह भी चाहते है कि यह सिनेमा अच्छा चले।

### बजट का सिर्फ इतने प्रतिशत निकाल पाई

फिल्म की असफलता पर जैकी श्रॉफ ने कहा, दुख होता है पर खुद के लिए नहीं, प्रोड्यूसर्स के लिए ज्यादा दुख होता है। आप अपना काम गंभीरता से करते हो, लेकिन जिस शख्स ने इसमें पैसा लगाया होता है आपको उसके लिए भी सोचना होता है। बता दें कि फिल्म बेबी जॉन का निर्देशन कलीस ने किया। इसे एटली, ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी ने प्रोड्यूस किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अपने बजट का सिर्फ 24.55 प्रतिशत ही निकाल पाई।

## रूपाली गांगुली ने कास्टिंग काउच के बारे में बताया सच

टीवी शो अनुपमा से प्रसिद्ध हुई रूपाली गांगुली ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें फिल्मों में असफल माना जाता था क्योंकि बॉलीवुड से दूर जाने का फैसला उन्होंने जानबूझकर लिया था। अनुपमा शो के बारे में रूपाली ने खुलकर बात की और बताया कि यह शो उनके लिए एक परिवार की तरह है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूपाली ने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने फिल्मों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह मेरा फैसला था क्योंकि उस समय इंडस्ट्री में मुख्य रूप से कास्टिंग काउच मौजूद था। कुछ लोगों को इसका सामना ना करना पड़ा हो, लेकिन मेरे जैसे लोगों को इसका सामना करना पड़ा। इसलिए, आपको असफल माना जाता है क्योंकि आप एक फिल्मी परिवार से आते हैं। अभिनेत्री ने आगे राजन शाही के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और बताया कि कैसे टेलीविजन शो अनुपमा ने उनकी जिंदगी बदल दी। रूपाली ने कहा, मैं उस समय खुद को छोटा महसूस करती थी, लेकिन अनुपमा की बदौलत मुझे बहुत गर्व महसूस होता है। इस शो ने मुझे वह मुकाम दिलाया, जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था। रूपाली गांगुली का शो अनुपमा आज के समय में टीवी के टॉप शो में से एक है, जो पिछले कई सालों से टीआरपी चार्ट पर राज कर रहा है। हालांकि, हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक्ट्रेस राजन शाही के शो को छोड़ने वाली हैं।

